हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 13 जुलाई 2026



# नम आंखों से तत्कालीन एसपी सहित पुलिस जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

## शहादत की 17वीं बरसी पर छलके आंसू, जनप्रतिनिधि, परिजन के साथ महकमा हुआ शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के पुलिस लाइन में शहीद दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 12 जुलाई वर्ष 2009 को अविभाजित राजनांदगांव जिले के मानपुर क्षेत्र में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए जिले के तत्कालीन एसपी विनोद कुमार चौबे सहित 29 पुलिस जवानों की शहादत को नमन किया गया। आज उनकी शहादत की 17वीं बरसी पर वीर शहीदों की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था। जिसमें शहीद परिवार के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि और पुलिस अधिकारियों ने शामिल होकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। अविभाजित राजनांदगांव जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र मानपुर के कोरकोट्टी, सीतागांव और मदनवाड़ा में नक्सलियों के हमले से जिले के तत्कालीन एसपी विनोद कुमार चौबे सहित 29 अन्य पुलिस जवानों की शहादत हुई थी। उनकी शहादत की बरसी पर प्रतिवर्ष शहर के पुलिस लाइन में शहीद दिवस का आयोजन किया जाता है। आज उनकी शहादत की बरसी पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।जिसमें शहीद एसपी विनोद चौबे की पत्नी रंजना चौबे सहित शहीद परिवार के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शहीदों के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

⏩ शेष पेज 15 पर

### विध्वंसकारी तत्व दोबारा न पनपे: रंजना

शहीद दिवस पर एसपी स्व. विनोद चौबे की पत्नी रंजना चौबे ने कहा कि प्रदेश से नक्सलवाद खत्म होना सिर्फ एक उपलब्धि नहीं, बल्कि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि हम सभी के जीवन में दुख है, लेकिन एक संतोष भी है कि जिस उद्देश्य के लिए वीर शहीदों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, आज नक्सलवाद के खात्मे के साथ उनका यह उद्देश्य भी पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके बाद हम सभी को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहना होगा, ताकि दोबारा ऐसे विध्वंसकारी तत्व सक्रिय न हो पाए।



### शहीदों की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन



एसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि 12 जुलाई के वीर शहीदों को नमन करने प्रतिवर्ष जिला पुलिस द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाता है। इस दौरान शहीदों के नाम रक्तदान कर श्रद्धांजलि दी जाती है। रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर पुलिस जवानों ने हिस्सा लिया। वहीं शहीद दिवस पर शहीदों की याद में वृक्षारोपण भी किया गया।

## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से शराब बिक्री, 17 पौवा जब्त

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले व सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों एवं अवैध रूप से शराब पिलाने वाले 7 आरोपियों के विरूद्ध चौकी चिखली पुलिस द्वारा कार्रवाई किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 11 जुलाई की रात्रि को अवैध रूप से शराब पिलाने वाले आरोपी नीरज सूर्यवंशी 28 साल व राकेश कुमार जांगडे 27 साल दोनों निवासी बोईरडीह के विरूद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई किया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालें कुल 4 आरोपी पुरुषोत्तम यादव 35 साल निवासी गठुला, संजू कुमार क्षत्री 30 साल निवासी गातापारखुर्द, हिरोद साहू 35 साल व त्रिलोकचंद्र ठाकुर 29 साल के विरूद्ध धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई किया गया है। पुलिस के अनुसार 11 जुलाई को रात्रि गौरीनगर में वाद-विवाद कर शांतिभंग करने वाले आरोपी देवेन्द्र सिंह राजपूत 45 साल व जितेन्द्र कुमार दुबे 37 साल दोनों निवासी गौरीनगर के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। 12 जुलाई को पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम बोईरडीह में बरगद पेड़ के नीचे अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी लिखन पारधी 59 साल के कब्जे से 17 पौवा एवं एक अद्धी शोले प्लेन देशी मदिरा शराब कीमती 1520 रुपए व बिक्री रकम 200 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई किया गया।

### गुरु पूर्णिमा 29 को

**राजनांदगांव।** महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती जी का संस्कारधानी नगरी में आगमन 26 जुलाई को होने जा रहा है। वे यहां गुरुदेव भक्त मंडल द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगे। यहां श्री अग्रसेन भवन में शिष्यों द्वारा पूज्य गुरुदेव भगवान का पूजन किया जाएगा।

गुरुदेव भक्त मंडल के अशोक लोहिया के अनुसार राजनांदगांव में पूज्य स्वामी जी के लगभग 200 शिष्य निवास करते हैं। यहां के शिष्यों के आग्रह पर स्वामी जी ने इस वर्ष का गुरुपूर्णिमा महोत्सव राजनांदगांव में करने का निर्णय लिया है। श्री लोहिया ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव 29 जुलाई को श्री अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया है।

### माय एंगल




## एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन के लिए 31 अक्टूबर तक की अवधि तय

# धान बेचने ऋण पुस्तिका में दर्ज सभी लोगों का पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन की व्यवस्था इस बार बदल दी गई है। एक ऋण पुस्तिका में दर्ज सभी लोगों के नाम से पंजीयन करवाना होगा, तभी धान बेच सकेंगे। वहीं पिछले साल तक कृषि विभाग एग्री स्टेक पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करवा रहा था, लेकिन इस बार अब सहकारी समितियां और राजस्व विभाग संयुक्त रूप से पंजीयन करेंगे।

31 अक्टूबर तक किसानों को पंजीयन के लिए समय दिया गया है। खास बात यह है कि ऐसी भी व्यवस्था की गई है कि यदि कोई किसान अपने खेत को अधिया या रेगहा में दिया है तो इसे लेने वाले किसान के नाम से भी एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन होगा। इसके लिए संबंधित कृषि भूमि के मालिक और रेगहा लेने वाले किसान के बीच विधिवत एग्रीमेंट पेपर होना चाहिए। जिले में पिछले साल वर्ष 2025-26 में 1.30 लाख किसानों ने एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराया था, लेकिन पोर्टल में तकनीकी खामियां आने की वजह से किसानों को परेशानी उठानी पड़ी।

### एक ऋण पुस्तिका में 4 पंजीयन

उदाहरण के तौर पर एक किसान के चार पुत्र हैं। किसान की मृत्यु हो गई और उनके चारों पुत्रों के नाम पर फावती आ गई, लेकिन नामांतरण नहीं हुआ है। उस स्थिति में किसान के एक ऋण पुस्तिका में उनके चारों पुत्रों का नाम आएगा। चारों के नाम से एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन करवाया जाएगा।




### अलग-अलग स्थानों पर जमीन तो भी एक आईडी

यदि किसी किसान का जमीन तीन स्थानों में है तो एक ही आईडी बनेगा, लेकिन खाते में तीन लोगों का नाम दर्ज है तो सभी का यूनिक आईडी बनेगा। नियमानुसार पंजीयन के बाद पंजीकृत किसानों की सूची उपलब्ध कराने शासन स्तर से निर्देश दिए गए हैं। बताया गया कि एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों की सभी तरह की जानकारी दर्ज हो रही है। एक तरह से यह किसानों की डिजीटल कुंडली का काम करेगा।

### इस तरह पंजीयन करें किसान

जिन किसानों ने अब तक एग्री स्टेक पंजीयन नहीं कराया है, उन्हें ऋण पुस्तिका के साथ आधार कार्ड ले जाकर कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी में जरूरी प्रोसेस कराना होगा। इसके लिए लिंक मोबाइल नंबर बताना होगा। पहले सिर्फ मुखिया को पंजीयन कराना होता था। जिसके आधार पर समर्थन मूल्य पर धान बेचते थे, लेकिन अब उनके सह खातेदारों के नाम भी दर्ज होंगे।

### सूची होगी चस्पा

एग्री स्टेक पंजीयन के लिए खातेदारों, सह खातेदारों एवं खाते के सभी खसरा नंबर का पंजीयन अनिवार्य कराना है। छूटे हुए खातेदार, सह खातेदारों, किसानों की सूची ग्राम पंचायत व समिति में चस्पा होने के साथ-साथ हल्का पटवारी एवं आईओ के पास भी उपलब्ध है। हल्का पटवारी को गांव में तीन बार मुनादी कराने निर्देश दिए गए हैं। राजस्व व कृषि विभाग के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान बेचने के लिए सभी श्रेणी के किसानों के लिए एग्री स्टेक (किसान आईडी) पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। जितने भी नाम शामिल है, सभी का पंजीयन अनिवार्य किया गया है।

### अधिया व रेगहा वालों का ऐसा पंजीयन

यदि कोई किसान की 10 एकड़ जमीन है और वह छत्तीसगढ़ से बाहर रहता है। उसने अधिया या रेंगहा पर कृषि जमीन ली है तो कृषि जमीन के मालिक और अधिया रेगहा लेने वाले किसान के बीच विधिवत एग्रीमेंट की कापी एग्री स्टेक पोर्टल में अपलोड करना होगा। इसका सत्यापन राजस्व विभाग से जुड़े पटवारी व अधिकारी करेंगे, जिस खसरा नंबर पर जमीन है उसका भुईया पोर्टल में अपलोड कर पुष्टि की जाएगी। धान बेचने पर रेगहा व अधिया लेने वाले किसान के खाते में ही पैसा आएगा।

### जमीन खरीदी व बिक्री पर पंजीयन

यदि किसी किसान ने इस साल अपनी 3 एकड़ कृषि जमीन बेच दी। उसकी जमीन रामकुमार ने खरीदी, ऐसे में एग्री स्टेक पोर्टल में श्यामलाल का रकबा कटेगा और रामकुमार नए किसान के रूप में दर्ज होगा। इसी तरह यदि कोई किसान जितनी जमीन बेचता है या खरीदता है तो उतना हिस्सा एग्रीपोर्टल में कम या ज्यादा दर्ज करवाना जरूरी है। ऋण पुस्तिका, आधार व लिंक मोबाइल नंबर अनिवार्य रहेगा। ज्ञात हो पिछले साल भी किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने कहा गया था।

# दो जिलों में सामान्य बारिश वनांचल अब भी पीछे, चार दिन बाद बढ़ेगी गतिविधियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जून के आखिरी सप्ताह और जुलाई की शुरूआत में अंचल में बारिश की कमी 60 प्रतिशत से ज्यादा हो गई थी। खेती-किसानी के कार्य भी पिछड़ने लगे थे, लेकिन पिछले एक सप्ताह से राजनांदगांव और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों में लगातार अच्छी बारिश होने से हालात सुधर गए हैं। हालांकि मोहला-मानपुर-चौकी जिले में अब भी बारिश सामान्य से काफी पीछे है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिन स्थिति सामान्य रहने के बाद बारिश की गतिविधियों में इजाफा देखने को मिल सकता है।

यदि अगले कुछ दिनों में इन तीनों ही जिलो में बेहतर बारिश देखने को मिली तो तीनों जिले सामान्य बारिश की श्रेणी में आ सकता है। एक जून से अब तक की स्थिति में राजनांदगांव जिले में 252.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। जबकि इस दौरान सामान्य तौर पर 246.6 मिमी बारिश होनी थी। वहीं तापमान की बात करें तो राजनांदगांव का न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा, जो प्रदेश में सबसे कम है। ऐसे ही खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में अब तक 224. मिमी के मुकाबले 224.6 मिमी और मोहला-मानपुर-चौकी जिले में 341 मिमी की जगह महज 180 मिमी बारिश देखने को मिली है। ऐसे में जहां राजनांदगांव और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में बारिश सामान्य के बराबर हुई है। वहीं मोहला-मानुपर-चौकी जिले में बारिश सामान्य से 49 फीसदी पीछे है।

### बारिश का बनेगा सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक मध्य उत्तरप्रदेश के उत्तरी हिस्से में बना निम्न दबाव का क्षेत्र अभी भी सक्रिय है। इसके साथ साइक्लोनिक सर्कुलेशन समुद्र तल से 9.5 किमी तक फैला हुआ है। हालांकि यह सिस्टम अगले 24 घंटे में कमजोर पड़ सकता है। वहीं मानसून ट्रफ भी उत्तर भारत से होकर गुजर रही है। जिसका असर छत्तीसगढ़ के मौसम पर बना हुआ है। जिसके चलते अंचल में बारिश की गतिविधियां देखने को मिल रही है। छत्तीसगढ़ में अगले चार दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। जिसके बाद मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी बारिश का दौर फिर से शुरू हो सकता है।

# ढाबा में बिठाकर शराब पिलाने पर एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ढाबा में बिठाकर शराब पिलाए जाने के मामले में लालबाग पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 जुलाई को रात्रि में पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि नेशनल हाईवे स्थित दशमेश खालसा ढाबा बनभेड़ी में संचालक द्वारा आने-जाने वाले लोगों को ढाबा में बिठाकर शराब पिलाई जा रही है। सूचना पर दशमेश खालसा ढाबा पहुंचकर रेड कार्रवाई किया गया। ढाबा में बैठे लोग पुलिस को आते देखकर मौके से भाग गए। ढाबे में मौजूद व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम दीपक तोतवानी बताया तथा स्वयं को ढाबे का संचालक होना बताया। ढाबा में मौके से 1 ब्लैक एंड व्हाइट व्हिस्की के बॉटल में अंग्रेजी शराब, 1 पौवा गोवा, डिस्पोजेबल गिलास शराब की गंध आती हुई, चखना नमकीन बरामद कर विधिवत जब्त किया गया। आरोपी द्वारा अवैध रूप से अपने ढाबे में बिठाकर लोगों को शराब पिलाना पाए जाने से आरोपी के विरूद्ध धारा 36(क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई थी।

### आरोपी पर कार्रवाई



आरोपी द्वारा 12 जुलाई को उक्त प्रकरण के गवाहों को कार्रवाई में गवाही दिए हो, बोलकर वाद-विवाद कर शांतिभंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने हेतु अनावेदक को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर पृथक से धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई।

# शराब पीने पर्स से पैसे लेकर भागा, पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर प्रार्थी के पर्स से नगदी रकम 2000 रुपए लेकर कर भागने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर बसंतपुर पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी पुष्पेन्द्र देवांगन निवासी ग्राम बोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 जुलाई को पैदल सदर लाइन होते हुए सिंगदई जा रहा था, तभी मोटर साइकिल में सवार 3 व्यक्ति प्रार्थी के पास आकर 200 रुपए शराब पीने के लिए मांग करने लगे। प्रार्थी द्वारा देने से मना करने पर 1 व्यक्ति प्रार्थी को चाकू दिखाऊंगा कहकर डराने लगा, तब प्रार्थी डर के कारण अपनी जेब से पर्स निकाला तो उन तीनों व्यक्तियों द्वारा प्रार्थी के पर्स में रखे नगदी रकम 2000 रुपए को ले लिए। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 119(2),3(5) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम 1300 रुपए जब्त कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश कर जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल भेजा गया। प्रकरण के अन्य फरार आरोपी की सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है।

### हाटबाजार से पकड़ा गया

इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर निरीक्षक एमन साहू, थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तत्काल आरोपियों की तलाश प्रारंभ कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। आरोपियों के हाटबाजार में छुपने की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई कर आरोपी आकाश बघेल व पप्पू यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो अपने अन्य साथी अजय मंडावी के साथ घटनाकारित करना स्वीकार किया।









## खबर संक्षेप



### न्यू ग्रीनवैली स्कूल में प्रवेशोत्सव

**खड़गांव।** स्थानीय न्यू ग्रीनवैली इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। विद्यार्थियों को तिलक लगाते हुए पुष्प वर्षा के साथ स्वागत कर प्रवेश कराया गया। विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, स्वच्छता एवं नियमित अध्ययन का महत्व समझाया। कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### आवेदन प्रक्रिया आज से

**डोंगरगढ़।** प्रसिद्ध प्रज्ञागिरी तीर्थ ट्रस्ट समिति ने समाज के लोगों के लिए साधारण सदस्यता शुरू किया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद खांडेकर ने बताया की समिति की सदस्यता बढ़ाने के लिए मिल रहे सुझाव ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। सदस्यता लेने के इच्छुक व्यक्ति कल 13 जुलाई से 15 जुलाई तक प्रज्ञागिरी सामुदायिक भवन कालकपारा कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर सकते है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 जुलाई है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए तेजस्वी का सम्मान



**ठेलकाडीह।** ग्राम बाटगांव में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 2400 पौधों के रोपण की शुरूवात विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने की। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे तेजस्वी वर्मा को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने पौधे भेंटकर कर सम्मानित किया। श्री वर्मा कई वर्षों से जल संरक्षण, पौधारोपण, वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों के संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता से जुड़े अभियानों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### त्वरित मदद से रिया की बची जान

**घुमका।** गोपालपुर निवासी रिया वर्मा पिता राम वर्मा शनिवार को सर्पदंश की शिकार हो गई। इस आशय की सूचना मिलते ही आश्रय एक संस्था के सदस्य तुरंत हरकत में आए। संस्था के सदस्य आयुष्मान सिंह, अजय दुबे, रितेश वर्मा, देवा सिन्हा, टिकेंद्र कुमार,.तनिष्क सिंह, भूपेंन्द्र साहू, विक्रम देशलहरे, फकीर यादव आदि ने पीड़ित को सही समय पर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर होने पर उसे राजनांदगांव रेफर किया गया। संस्था के सदस्यों की मदद से रिया वर्मा अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और घर पर स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं। आश्रय एक संस्था के अध्यक्ष डेविड बारले ने बताया कि संस्था का उद्देश्य गरीब और बीमार लोगों की निशुल्क सेवा करना है।

### शाला नायक बनी शालिनी

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेन्द्रीबन नवागांव में प्राचार्य पीआर सुधाकर के मार्गदर्शन में छात्र प्रतिनिधियों का चुनाव किया गया। शाला नायक शालिनी, उप शाला नायक रोहन कुमार, क्रीड़ा प्रतिनिधि राहुल कुमार, सांस्कृतिक प्रतिनिधि यामिनी, अनुशासन प्रतिनिधि बादल, स्वच्छता प्रतिनिधि रितेश कुमार, विज्ञान प्रतिनिधि दीपाली, बागवानी प्रतिनिधि मुस्कान, नवमी कक्षा नायक निशा, दसवीं कक्षा नायक वर्षा, ग्यारहवीं कक्षा नायक भाग्य श्री, बारहवीं कक्षा नायक राकेश कुमार का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इस अवसर पर निमिषा भुआर्य, दुष्यंत साहू, माधव ठाकुर, एस लाल साहू, भूपेन्द्र साहू, पुष्पारानी कन्नौजे, निर्मला सूर्यवानी, शोभा खरखटे, हेमलता पटेल, ममता साहू, आरती धनेन्द्र, बीरेन्द्र देहारी, मन्नूराम ठाकुर, रवि मार्कण्डेय, परमेश्वर पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

## भवन में दिखने लगी दरारें, पुराने उपकरणों का कर रहे उपयोग

# कई कमियों के बीच खुला अस्पताल, बढ़ी परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

केंद्र सरकार की योजना के तहत लाखों की लागत से बधियाटोला में शहरी आरोग्य मंदिर का उद्घाटन तो कर दिया गया है लेकिन यहां मरीजों को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही है। नागरिकों का आरोप है कि आवश्यक संसाधन नहीं होने के बाद भी अस्पताल शुरू कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार अस्पताल निर्माण के लिए 37.50 लाख की स्वीकृति मिली थी, जिसमें 12.50 लाख के चिकित्सा उपकरण खरीदना था।वर्तमान में अस्पताल में नए उपकरण नजर नहीं आ रहे हैं। आरोप है कि स्टाफ पुराने उपकरणों के सहारे काम करने मजबूर है। यहां ओपीडी पर्ची तक नहीं बन रही है। अस्पताल कर्मियों का कहना है कि विभाग की ओर से ओपीडी पर्चियां उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। टीकाकरण जैसी सुविधा संसाधनों के अभाव में प्रभावित हो रही है। अस्पताल में वैक्सीन के सुरक्षित भंडारण के लिए रेफ्रिजरेटर तक नहीं है।

### नागरिक लाभ से वंचित

#### बीएमओ ने माना हॉस्पिटल में कई कमी

इस संबंध में पूछने पर बीएमओ डॉ. सुचित्रा श्रीवास्तव ने स्वीकार किया कि अस्पताल में कुछ बुनियादी सुविधाओं की कमी है। उन्होंने बताया कि जनता की मांग तथा अधिकारियों के निर्देश पर अस्पताल का उद्घाटन किया गया। उनके अनुसार आवश्यक उपकरण और संसाधन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है तथा जल्द ही सभी सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी।

#### अस्पताल परिसर में अव्यवस्था

अस्पताल परिसर में चारों ओर गंदगी फैली हुई है। परिसर की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल तक नहीं बनाई गई है। अस्पताल के सामने सूचना पटल तक नहीं लगा है, जिससे मरीजों को अस्पताल ढूंढने में परेशानी हो रही है। उद्घाटन के कुछ समय बाद दीवारों और अन्य हिस्सों में दरारें दिखाई देने लगी हैं।

## वाहन की ठोकर से दो गौवंश की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



सड़क पर गौवंश की मौत का सिलसिला लगातार बढ़ते जा रहा है। मुख्य मार्ग में आए दिन दुर्घटना में गौवंश जान गंवा रहे हैं। शनिवार की रात सड़क अतरिया प्रवेश द्वार के समीप अज्ञात वाहन की ठोकर से दो मवेशियों की जान चली गई।

- दुर्घटनाओं से नहीं चेत रहे पशु पालक

जानकारी अनुसार सड़क किनारे मवेशी बैठे थे। रविवार सुबह जब ग्रामीणों ने देखा कि सड़क पर दो मवेशी मृत पडे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से मवेशियों की जान गई है। पंचायत ने मृत मवेशियों को सड़क से हटाया। सरपंच सोनम लोमश वैष्णव एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने पशु पालकों से अपील किया है कि वह अपने पशुओं को घर ले जाए तथा सुरक्षा का उचित प्रबंध करें। सड़क के आसपास मवेशियों का जमघट होने से दुर्घटना की आशंका रहती है। पखवाड़े भर पहले भी दो दुर्घटना में चार मवेशियों की जान चली गई थी।

### रेडियम पट्टी लगाने की मांग

फसल बोआई शुरू होने के बाद से पशुओं को घर पर रखने की व्यवस्था की जा रही है किन्तु कुछ पशु पालक अपने मवेशियों को खुला छोडे रहे है। सड़कों पर बेवारस मवेशियों की संख्या भी बढ़ते क्रम पर है। अतरिया, कुकुरमुड़ा चौक, नर्मदा, चकनार, खैरा नवापारा आदि जगह मवेशियों का जमघट लगा रहता है जो दुर्घटना का कारण बने रहे हैं। गौ संरक्षक के सदस्य कौशल पाण्डेय एवं ग्रामीणोंने मवेशियों में रेडियम पट्टी लगान की मांग की है ताकि रात्रि में मवेशियों को दुर्घटना से बचाया जा सके।

### गौशाला बेहतर विकल्प

चकनार गौधाम समिति के अध्यक्ष कालु राम जंघेल ने बताया कि खरीफ फसल लगने के बाद किसानों को मवेशियों से फसल की सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंता रहती है। वहीं सड़क पर मवेशियों के होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। फसल एवं मवेशी की सुरक्षा के लिए गांव में गौधाम गौशाला का संचालन करना बेहतर विकल्प है। कृषक समिति गठित कर गौशाला का संचालन कर सकते हैं।

## खेतों के बीच में लगा ट्रांसफार्मर हटाने की मांग महीनों से लंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



ग्राम सड़क अतरिया में लगे एक ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग की जा रही है किन्तु ग्रामीणों की मांग अब तक लंबित है। विद्युत विभाग ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि रबी फसल की कटाई के बाद ट्रांसफार्मर को उचित स्थान पर लग दिया जायेगा पर अब तक ट्रांसफार्मर को अन्यत्र स्थापित नहीं किया जा सका है।

गांव के बैजुराम जंघेल, बली यादव, विष्णुराम, राजेन्द्र सहित अन्य ने बताया कि बिजली आपूर्ति के लिए गांव में वर्तमान में दो ट्रांसफार्मर लगे हैं जिसमें एक ट्रांसफार्मर खेत के बीच में है। बरसात के दिनों तकनीकी खराबी आने पर सुधार नहीं हो पाता है क्योंकि चारों तरफ खेत होने से वहां तक पहुंचना आसान नहीं होता। जमीन गीला होने से जान का खतरा भी बना रहता है। कई बार ऐसी स्थिति आती है कि लोगों को पूरी रात अंधेरे में गुजारना पड़ता है। वर्तमान में कृषक अपने खेतों में फसल लगा चुके हैं ऐसे में ट्रांसफार्मर को स्थानांतरित करना संभव नजर नहीं आ रहा है। अब लोगों को बिजली फाल्ट की स्थिति में परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### ट्रांसफार्मर हटाना प्रस्तावित

पंचायत प्रतिनिधि सोनम लोमश वैष्णव ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या एवं मांग पर विभाग को आवेदन दिया गया था। ट्रांसफार्मर अन्यत्र लगाने के लिए स्थल चयन किया जा चुका है। कतिपय कारण से ट्रांसफार्मर स्थांतरित नहीं हो सका है। विभाग ने बरसात पूर्व ट्रांसफार्मर हटाने का आश्वासन दिया था। खेत में फसल लगने के कारण अब ट्रांसफार्मर हटाना संभव नहीं है।

## धीमे निर्माण पर भड़के पार्षद, बैठक में मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी



नगर पंचायत की सामान्य सभा में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हालांकि एक दो एजेंडो को लेकर वाद विवाद की स्थिति बनी लेकिन अध्यक्ष की समझाईश के बाद सभी एजेंडो में सहमति बन गई। सर्वसम्मति से नगर विकास से जुड़े कई निर्णय लिए गए।

नगर पंचायत में गुरूवार को सामान्य सभा की बैठक अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के प्रारंभ में सीएमओ विजय पांडेय ने सभी एजेंडों की जानकारी दी। बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जुडे विषय पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में नामांतरण को लेकर पार्षदों के मध्य कहासुनी हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष ने वंशानुगत नामांतरण के प्रकरणो को पास करने की सहमति दी लेकिन आबादी पटटा एवं गैर पंजीकृत खरीदी बिक्री के आधार पर हुए सम्पत्ति के अंतरण के प्रकरणों में पार्षदों और सीएमओ के बीच मतभेद की स्थिति रही। अध्यक्ष ने ऐसे मामलो में एक महिने के अंदर नगरीय प्रशासन विकास विभाग के अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर निर्णय लेने का निर्देश दिया। नगर अध्यक्ष ने इस बात पर नाराजगी जाहिर किया कि नामांतरण के प्रकरणो में निर्णय नहीं लेने से राजस्व की हानि हो रही है। परिषद के कई बार पत्र लिखने के बाद भी मार्गदर्शन नहीं मिल रहा है। बैठक में उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, इंजीनियर योगेश्वर सिंह ठाकुर, पार्षद खेदीबाई सलामे, रितेश मेश्राम, दिलीप कुंभकार, ईश्वरी ध्रुवे, विनोद डेहरिया, गोपीचंदा देवांगन, उषा यादव, मुकेश सिन्हा, झरनेश कुंभकार, कविता यादव, उमा निषाद, किशुन पटेल, कांशी निषाद, तिलक यादव उपस्थित थे।

### सड़क, नाली निर्माण का प्रस्ताव

सामान्य सभा में नवीन बस स्टैंड को जल्द प्रांरभ करने का प्रस्ताव पास हुआ है। अध्यक्ष ने बताया कि कलेक्टर एवं डीएफओ की मदद से नए बस स्टैंड में सड़क निर्माण के लिए वन विभाग से जमीन प्राप्त हो गई है। उन्होंने बताया कि बस स्टैंड को प्रारंभ करने के लिए नाली एवं सडक बनाया जाना आवश्यक है। यह दोनो कार्य होने के बाद ही बस स्टैंड प्रारंभ हो सकता है। इसके अलावा नगर के मुख्य मार्गो एवं गौरव पथ के सौदर्यीकरण के लिए पेवर ब्लाक लगाने का निर्णय लिया गया।

### ठेकेदार की कार्यप्रणाली से नाराजगी

जल आवर्द्धन योजना के तहत चल रहे पाईप लाईन विस्तार, इंटकवेल एवं डब्लूटीपी निर्माण कार्यो की धीमी गति को लेकर पार्षदों ने आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि समय सीमा में कार्य नहीं किया जा रहा है। कार्य की गति काफी धीमी है। सीएमओ ने बताया कि नगरीय प्रशासन विभाग ने धीमे कार्य को लेकर पेनाल्टी आरोपित करने का निर्देश दिया है। सामान्य सभा ने संबधित ठेकेदारों पर वैधानिक कार्रवाई करने का संकल्प पारित किया।

## पटेवा में शिशु वाटिका का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा

सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा में प्राचार्य रोहित निर्मलकर क मार्गदर्शन में शिशु वाटिका का गठन किया गया। सर्वसम्मति से सेनापति डिलेशवरी साहू, उप सेनापति हेमंत साहू, प्रार्थना प्रमुख कीर्ति साहू, उप प्रमुख ओम साहू, क्रीड़ा प्रमुख किरण यादव, उप प्रमुख हितेश वर्मा, सांस्कृतिक प्रमुख हेमा सेन, उप प्रमुख उभय साहू, स्वच्छता प्रमुख भूमिका वर्मा, उप प्रमुख अरविंद जंघेल, खोया पाया प्रमुख समीर वर्मा, उप प्रमुख पूनम साहू, स्वास्थ्य प्रमुख लक्की वर्मा, उप प्रमुख हेमा वर्मा, बागवानी प्रमुख जया वर्मा, उप प्रमुख नमन देवांगन, अनुशासन प्रमुख मोनिका गुप्ता, खुशी साहू, उप प्रमुख चुमेश देवांगन, विज्ञान प्रमुख लेमन साहू, उप प्रमुख देविका वर्मा, योगा प्रमुख विनय सूर्यवंशी, उप प्रमुख पायल वर्मा, व्यवस्था प्रमुख हुमेश साहू, उप प्रमुख महेक देवांगन, सायकल स्टेंड प्रभारी टोमेशवर वर्मा को बनाया गया है। प्राचार्य ने सभी को शपथ दिलाई। इस अवसर पर संजीत वर्मा, लक्ष्मी साहू, लक्ष्मी गुप्ता, नीलमणि साहू, खिलेश्वरी साहू, गितेश्वरी सूर्यवंशी, त्रिवेणी साहू,त्रिवेणी पटेल आदि उपस्थित थे।

## प्रयास आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य एवं समय पर उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजनांदगांव के गौरवपथ स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यालय के विद्यार्थियों का चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों का रक्तचाप, वजन, लंबाई, नेत्र परीक्षण, दंत परीक्षण तथा अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही मौसमी बीमारियों की पहचान कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया, जिन विद्यार्थियों को आगे की जांच या विशेष उपचार की आवश्यकता पाई गई, उन्हें संबंधित स्वास्थ्य संस्थान में रेफर करने की सलाह दी गई। चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को संतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी। विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल के उपयोग, हाथों की नियमित सफाई तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने प्रेरित किया गया।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से विद्यार्थियों में बीमारियों की समय पर पहचान हो सकेगी तथा उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं दूरस्थ क्षेत्रों में भी नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## एग्री स्टैक पंजीयन अनिवार्य, लाभ लेने सभी किसान कराएं पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के किसानों को धान खरीदी सहित शासन की विभिन्न कृषि एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से उपलब्ध कराने के लिए एग्री स्टैक पंजीयन अनिवार्य किया गया है।

जिला प्रशासन ने किसानों से समय रहते अपना पंजीयन पूर्ण कराने की अपील की है ताकि आगामी धान खरीदी सीजन में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जिन भूमि अभिलेखों में एक से अधिक खातेदार या सहखातेदार दर्ज हैं, उन सभी सहखातेदारों का भी एग्री स्टैक में पंजीयन कराना आवश्यक होगा। प्रशासन का कहना है कि भूमि और किसान संबंधी जानकारी के एकीकृत डिजिटलीकरण से योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंच सकेगा। पंजीयन के लिए किसानों को आधार कार्ड व आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लेकर निर्धारित केंद्रों में पहुंचना होगा। एग्री स्टैक के माध्यम से किसानों का डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जा रहा है, जिससे कृषि योजनाओं, समर्थन मूल्य पर खरीदी, अनुदान तथा अन्य सुविधाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाया जा सकेगा।

### धान बेचने में होगी आसानी

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एग्री स्टैक पंजीयन से धान खरीदी प्रक्रिया सुगम होगी, शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी और भविष्य में भूमि संबंधी कार्यों और सेवाओं के लिए भी किसानों को आसानी होगी। किसानों से अपील की गई है कि किसी भी असुविधा से बचने के लिए जल्द से जल्द अपना पंजीयन पूर्ण कराएं और अन्य सहखातेदारों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

## बस स्टैंड का यात्री प्रतीक्षालय बदहाल राहगीर परेशान, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शहर का पुराना बस स्टैंड सबसे व्यस्ततम केंद्र है, यहां से रोजाना सैकड़ों की संख्या में यात्री राजनांदगांव, अंबागढ़ चौकी, छुरिया और दुर्ग-भिलाई, रायपुर, धमतरी, बालोद आदि स्थानों के लिए सफर करते हैं लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि यहां का यात्री प्रतीक्षालय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

लाखों रुपए की लागत से पूर्व में बने सार्वजनिक शेड को सड़क चौडीकरण के नाम पर तोड़ दिया गया जबकि वह निर्माण के दायरे से बाहर था। नागरिकों और बाहर से आने वाले यात्रियों को परेशानी होने के का बाद भी उसका जीर्णोद्धार नहीं कराया जा सका है। प्रतीक्षालय तोड़े जाने बाद से विकास के लिए कथित रूप में प्रतिबद्ध प्रशासन ने ग्रीन मेट जरूर लगा रखा है जिससे न तो गर्मी के दिनों राहत मिलती है और न बारिश से बचाव होता है। तमाम परेशानियों के बीच खड़े होकर लोगों को बस का इंतजार करना पड़ता है। पूर्व में बने यात्री प्रतिक्षालय में लगी कुर्सियां भी रख-रखाव के अभाव में टूट चुकी हैं। यात्रियों को मजबूरी में सड़क किनारे या निजी दुकानों के शेड के नीचे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है।

### बिजली व्यवस्था भी नहीं

शहर के बीच होने के बावजूद पुराने बस स्टैंड में प्रकाश की उचित व्यवस्था नहीं होने से अंधेरा पसरा रहता है। नागरिकों का आरोप है कि नगर प्रशासन केवल टैक्स वसूलने में व्यस्त है, लेकिन बुनियादी यात्री सुविधाओं को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया है। नागरिकों ने बताया कि इस संबंध में जब कभी कहा जाता है तो जिम्मेदार आर्थिक तंगी का रोना रोते है जबकि उन्हे सुविधाओं के विकास के लिए हर साल राशि मिलती है। सुविधा विकास में राशि खर्च करने के बजाए औने पौने दाम के सामान दो से तीन गुना कीमत में खरीदी में अधिक रूचि लेने के कारण यह स्थिति बनी हुई है।

### गंदगी और बदबू से परेशानी

दुकानदारों और नागरिकों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण प्रतीक्षालय की दशा में सुधार नहीं हो रहा है। यहां मवेशी और कुत्ते डेरा जमाए रहते हैं। चारों तरफ गंदगी फैली रहती है। वहीं पूर्व में बना यात्री प्रतिक्षालय का दायरा प्रशासन की अनदेखी के चलते दिन ब दिन सीमटते जा रहा है। प्रतिक्षालय के सामने ठेले और वाहन खड़े रहने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महासभा के संरक्षक राजेन्द्र को करणी सेना ने दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के संरक्षक राजेंद्र सिंह ठाकुर के निधन पर राजपूत समाज में शोक की लहर है। शनिवार को करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह उनके निज निवास पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त की। इस दौरान जिला अध्यक्ष अमन बहादुर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष गोल्डी भदौरिया, संतोष सिंह ठाकुर, संजय सिंह राजपूत सहित समाज के कई पदाधिकारियों ने दिवंगत ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित की। संजय बहादुर सिंह ने कहा कि राजेंद्र सिंह ठाकुर का निधन केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे राजपूत समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि ठाकुर जीवनभर समाजहित में समर्पित रहे और संगठन को मजबूत बनाने लगातार सक्रिय भूमिका निभाते रहे। समाज को नई दिशा देने और लोगों को जोड़ने में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि राजेंद्र सिंह ठाकुर समाज के ऐसे आधार स्तंभ थे, जिनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी। उनके निधन से समाज स्तब्ध है और हर वर्ग में शोक का माहौल है। बता दें कि श्री ठाकुर का दो दिन पहले हृदय गति रूक जाने से निधन हो गया था। उनके निधन के बाद लगातार विभिन्न सामाजिक संगठनों और समाज के प्रतिनिधियों द्वारा उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है।



### किसानों को दी गई समसामयिक सलाह

**राजनांदगांव।** कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव द्वारा खरीफ मौसम में एल-नीनो के संभावित प्रभाव को देखते किसानों को धान की बोनी एवं रोपा फसल में समय पर खरपतवार प्रबंधन के संबंध में आवश्यक समसामयिक सलाह दी गई है। कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने बताया कि एल-नीनो के कारण वर्षा की अनियमितता एवं नमी की कमी की संभावना रहती है। जिससे खरपतवारों की बढ़वार तेज होती है और धान की उपज 30-40 प्रतिशत तक प्रभावित हो सकती है। ऐसी परिस्थितियों में अनुशंसित समय पर शाकनाशियों का प्रयोग, खेत में पर्याप्त नमी बनाए रखना, जल संरक्षण एवं समुचित जल प्रबंधन अपनाने से खरपतवारों का प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है तथा फसल की उपज एवं गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है।

### शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव।** अर्थियन-पर्यावरण मित्र कार्यक्रम, पर्यावरण शिक्षण केंद्र (सीईई) और विप्रो फाउंडेशन का एक सस्टेनेबिलिटी शिक्षा पर आधारित साझा कार्यक्रम विप्रो फाउंडेशन के सहयोग से राष्ट्रीय स्तर पर सीईई द्वारा संचालित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में अर्थियन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए एक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन पर्यावरण शिक्षण केंद्र सीईई द्वारा 11 जुलाई को डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शा.उ.मा. विद्यालय राजनांदगांव के सभागार कक्ष में किया गया। कार्यशाला में राजनांदगांव जिले के 155 विद्यालयों से एक-एक शिक्षक ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जल एवं सस्टेनेबिलिटी विषय पर सीईई के प्रतिनिधियों नीरज पाल एवं जितेन्द्र पटेल तथा दुर्ग जिले से मास्टर ट्रेनर राजेंद्र कुमार मौर्य ने गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण के दौरान नीरज पाल एवं जितेन्द्र पटेल ने शिक्षकों को इस कार्यक्रम के तहत छात्रों के माध्यम से की जाने वाली गतिविधियों, गतिविधियों से मिलने वाली सीखों, रिपोर्ट के निर्माण और प्रेषण आदि के बारे में विस्तार से बताया।
बड़े बकाया करदाताओं को दें डिमांड नोटिस

### आयुक्त ने की राजस्व विभाग की समीक्षा

**राजनांदगांव।** नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेकर सभी वार्ड प्रभारियों से परिचय प्राप्त कर इस वित्तीय वर्ष में नए डिमांड के आधर पर राजस्व वसूली के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वसूली के लिए प्लान तैयार कर कार्य करें। बड़े बकायेदारो को नोटिस जारी करें, उन्हें समझाईस दें कि अपने बकाया करों का भुगतान कर आर्थिक भार से बचे। आयुक्त ने बैठक में कहा कि अपने-अपने प्रभारित वार्ड के करदाताओं की सूची तैयार करें और बड़े बकायेदारों का नाम ऊपर रखे और प्रतिदिन वसूली के लिए जाए। वसूली के लिए एक टारगेट तय करें कि आज मुझे इतनी वसूली करनी है। इस प्रकार प्लान करने से वसूली में तेजी आएगी। नए डिमांड तैयार कर उसे करदाताओं को तामिल करें, उन्हें बताएं कि इस वित्तीय वर्ष में डिमांड के आधार पर सम्पत्तिकर का भुगतान करना है और समय में भुगतान कर अधिभार से बचना है। आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि राजस्व वसूली के अलावा साफ-सफाई एवं विद्युत व्यवस्था का भी निरीक्षण करें। गंदगी या कचरे का ढेर देख संबंधित को अवगत कराएं। इसी प्रकार बंद लाईट की भी जानकारी विद्युत प्रभारी को दें। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में चर्चा कर सोलर पेनल लगाने भी करदाताओं को प्रेरित करें। उन्हें इसके फायदे के बारे में जानकारी दें। साथ ही इस बारिश में अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने भी समझाईस दे। जिससे भू-गर्भ में जल स्तर बढ़ सके। बैठक में राजस्व अधिकारी मोबिन अली, सहायक राजस्व अधिकारी हितेश ठाकुर सहित सहायक राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक उपस्थित थे।



#### कांग्रेस नेता ने ब्रेकर निर्माण की उठाई मांग

# चौक बना हादसों का हॉटस्पॉट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के राम दरबार चौक पर लगातार बढ़ते यातायात दबाव और तेज रफ्तार वाहनों के चलते दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महासचिव एवं अविभाजित राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी ने चौक की यातायात व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग करते यहां गति अवरोधक (ब्रेकर) बनाने तथा दो ट्रैफिक पुलिस की तैनाती करने की आवश्यकता जताई है।

श्री कोठारी ने कहा कि जीई रोड स्थित राम दरबार चौक शहर का अत्यंत व्यस्त चौराहा है, जहां से प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। इसके बावजूद यहां पर्याप्त यातायात नियंत्रण की व्यवस्था नहीं होने से वाहन चालक तेज गति से गुजरते हैं। जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि इस चौक पर पहले मौजूद गति अवरोधकों को हटाए जाने के बाद वाहन बेलगाम रफ्तार से दौड़ रहे हैं। यदि समय रहते यहां दोबारा मजबूत ब्रेकर नहीं बनाए गए और ट्रैफिक व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो भविष्य में किसी भी समय बड़ा सड़क हादसा हो सकता है।



#### चारो दिशाओं में आवाजाही

श्री कोठारी ने बताया कि राम दरबार चौक से एक मार्ग सनसिटी, लखोली और कन्हारपुरी की ओर जाता है, दूसरा मार्ग एफसीआई गोदाम, प्रेस क्लब और आयकर कार्यालय की ओर, तीसरा मार्ग दुर्ग की दिशा में तथा चौथा मार्ग राजनांदगांव शहर की ओर जाता है। चारों दिशाओं में लगातार वाहनों की आवाजाही होने के कारण यह चौराहा अत्याधिक संवेदनशील बन गया है। उन्होंने कहा कि इतने महत्वपूर्ण चौराहे पर स्थायी रूप से कम से कम दो ट्रैफिक पुलिस जवानों की तैनाती की जानी चाहिए, ताकि यातायात सुचारू रहे और दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। साथ ही चौक पर आवश्यक संकेतक, रिफ्लेक्टर और सड़क सुरक्षा संबंधी अन्य व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

#### संबंधितों की होगी जिम्मेदारी

श्री कोठारी ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि जनहित और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते राम दरबार चौक पर शीघ्र गति अवरोधक का निर्माण कराया जाए तथा दो ट्रैफिक पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़ी दुर्घटना की जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी।



# आज से विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान

**राजनांदगांव।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार 14 से 15 वर्ष तक की किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) गंभीर और जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले की अधिक से अधिक पात्र बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) सुरक्षा प्रदान करने 13 से 18 जुलाई तक विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि जिले में अब तक 4753 बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण किया गया है। जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में एचपीवी टीका निःशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने सभी पात्र किशोरी बालिकाओं के अभिभावकों से अपने बेटियों का समय पर एचपीवी टीकाकरण कराने की अपील की है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी ने बताया कि एचपीवी टीकाकरण से संबंधित सभी जानकारी भारत सरकार के यू-विन पोर्टल में संधारित की जा रही है। प्रत्येक किशोरी बालिकाओं को टीकाकरण उपरांत डिजिटल टीकाकरण प्रमाण-पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे उनके टीकाकरण का रिकॉर्ड डिजिटल माध्यम से सुरक्षित रहेगा और भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए जिले के सभी स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

# श्रेष्ठ कार्य को चयन का अवसर मिलता है : नीरज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीरज विद्या मंदिर मोहड़ में छात्रसंघ पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संस्था पदाधिकारी इंजी. नीरज बाजपेयी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारी सोनल बाजपेयी, रितेश शर्मा, कुंतल बाजपेयी, एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्य जिवेश द्विवेदी, प्रशासक राम सिन्हा एवं छात्र पदाधिकारियों के अभिभावक उपस्थित थे।

एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती बाजपेयी ने कहा कि नेतृत्वकर्ता को यह नहीं भूलना चाहिए कि उस पर औरों की निगाहे हैं। इस बात को समझते नेतृत्वकर्ता को अधिक सजग होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। स्वागत भाषण में प्राचार्य जिवेश द्विवेदी ने कहा कि नेतृत्व क्षमता हासिल करने व्यवहार एवं अनुशासन दोनों ही बातें जरूरी होती है। इस क्षमता का



विकास करके ही कोई नेतृत्वकर्ता बन सकता है।

बोर्ड ऑफ डायरेक्टर इंजी. नीरज बाजपेयी ने कहा कि आपका श्रेष्ठ कार्य ही आपको चयन का अवसर प्रदान करती है। स्वयं की प्रतिभा को पहचानकर श्रम करते हम बेहतर मकाम हासिल कर सकते हैं। छात्रसंघ पदाधिकारी के रूप में हेड गर्ल राजस्वी मानकर, हेड ब्वॉय पूरब जैन, वाइस हेडब्वॉय अर्हम जैन, वाइस हेडगर्ल अश्लेषा चक्रवर्ती, अनुशासन शौर्य अग्रवाल, निकिता साहू, सांस्कृतिक सचिव केशिका यदु, नैनशी लोढ़ा, खेल प्रभारी श्रेयश वैष्णव, आयुष सोनी, इको क्लब प्रभारी ईशा उइके, गौरवी चंद्रवंशी मनोनीत हुई। यह जानकारी खेल शिक्षक एलआर कदम ने दी।

#### शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर बच्चों को वितरित की साइकिलें

# मदनवाड़ा और कोरकट्टी पहुंचकर सांसद ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा सांसद संतोष पांडे ने शुक्रवार को नक्सल हिंसा की दर्दनाक घटनाओं के साक्षी रहे बसेली, मदनवाड़ा और कोरकुट्टी क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2009 में शहीद हुए तत्कालीन पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनोद कुमार चौबे सहित सभी वीर जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनकी शहादत को नमन किया। उन्होंने बसेली और मदनवाड़ा के स्कूलों में विद्यार्थियों को साइकिलों का वितरण भी किया।

श्री पांडे ने शुक्रवार को जिले के नक्सल प्रभावित रहे बसेली, मदनवाड़ा और कोरकोट्टी क्षेत्र का दौरा कर शहीदों की स्मृति को नमन किया। यह वही क्षेत्र है, जहां वर्ष 2009 में नक्सली हमले में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार चौबे सहित कई पुलिस अधिकारी और जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे। सांसद ने शहीद स्थल पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की और देश की सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। दौरे के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा, भोजेश शाह, मदन साहू, अमरुराम, रेनू टन्दिया, प्रशासनिक अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, ग्रामीण और बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



#### नक्सल से मुक्त हुआ छग

सांसद ने कहा कि एक समय था, जब बसेली, मदनवाड़ा और कोरकोट्टी का नाम नक्सल हिंसा के कारण पूरे देश में चर्चा का विषय बनता था। लोग यहां आने से भी डरते थे, लेकिन आज केंद्र और राज्य सरकार की प्रभावी नीति, सुरक्षा बलों के साहस तथा स्थानीय लोगों के सहयोग से यह क्षेत्र तेजी से विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है तथा लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है।

#### बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता

सांसद श्री पांडे ने कहा कि इन वीर सपूतों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके साहस और समर्पण की बदौलत आज देश और प्रदेश सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि शहीदों का सम्मान करना हम सभी का नैतिक दायित्व है और उनकी शहादत आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी। दौरे के दौरान श्री सांसद ने बसेली एवं मदनवाड़ा स्थित स्कूलों में विद्यार्थियों को साइकिलों का वितरण किया।

# बेटियों को शिक्षा से जोड़ने सरकार की सार्थक पहल, छात्राओं को मिली साइकिल

■ जनप्रतिनिधियों ने तिलक लगाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्रामीण अंचल की बेटियों को शिक्षा से जोड़ने और विद्यालय तक उनकी नियमित पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी मां सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत शासकीय किसान उच्चतर माध्यमिक शाला करमतरा में छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। साइकिल मिलते ही छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। जनप्रतिनिधियों एवं पालकों ने इसे बेटियों के उज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के जनपद सदस्य टुमनलाल साहू, सरपंच रेखा बघेल, पालकगण, विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं के तिलक एवं पुष्प स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर जनपद सदस्य टुमनलाल साहू ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना दूर-दराज के गांवों की बालिकाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अब छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी, समय की बचत होगी तथा उनकी नियमित उपस्थिति और शिक्षा के प्रति रूचि भी बढ़ेगी। उन्होंने छात्राओं से पूरी लगन के साथ पढ़ाई कर अपने परिवार, गांव और जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। विद्यालय के प्राचार्य राजेश शर्मा ने कहा कि मां सरस्वती



साइकिल योजना केवल एक साइकिल वितरण कार्यक्रम नहीं, बल्कि बेटियों के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और शिक्षा के अधिकार को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि यह योजना विशेष रूप से उन छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी है, जिन्हें प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर विद्यालय आना पड़ता है। उन्होंने छात्राओं को शुभकामनाएं देते यातायात नियमों का पालन करने तथा सावधानीपूर्वक साइकिल चलाने की सलाह दी।

सरपंच रेखा बघेल ने छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया और कहा कि शिक्षित बेटियां ही समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने प्रेरित किया। अंत में छात्राओं ने शासन के प्रति आभार व्यक्त करते कहा कि अब विद्यालय तक पहुंचना पहले की अपेक्षा अधिक आसान हो जाएगा।

# दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में 10 एवं 11 जुलाई को बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं एडवांस्ड कार्डियोवैस्कुलर लाइफ सपोर्ट पर आधारित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन-मेडिकल स्टूडेंट्स नेटवर्क के संयुक्त संयोजक डॉ. शाहदिल खुसरू एवं नेशनल काउंसिल मेंबर डॉ. मुकेश साहू की देखरेख में संपन्न हुआ।

कार्यशाला में 24 प्रतिभागियों में मेडिकल छात्र एवं पोस्टग्रेजुएट रेजिडेंट डॉक्टरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सीपीआर, बेसिक लाइफ सपोर्ट तथा एडवांस्ड कार्डियोवैस्कुलर लाइफ सपोर्ट की आधुनिक एवं वैज्ञानिक जीवनरक्षक तकनीकों का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों ने आपातकालीन परिस्थितियों में रोगी की जान बचाने आवश्यक कौशल सीखे।

कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक डॉ. संतोष सिंह मेडिकल सुपरिंटेंडेंट रामकृष्ण हॉस्पिटल एवं एमडी (इमरजेंसी मेडिसिन)



रहे। आयोजकों ने बताया कि जीवनरक्षक तकनीकों का ज्ञान केवल चिकित्सकों के लिए ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे प्रशिक्षण भविष्य में अनेक लोगों का जीवन बचाने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में डीन डॉ. पीएम लूका का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। साथ ही डॉ. नीरज शर्मा, डॉ. संजीव श्रीवास्तव एवं डॉ. निलय तिवारी का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिनके सहयोग से यह कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में आयोजकों ने प्रशिक्षकों, अतिथियों, सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते भविष्य में भी इस प्रकार के कौशल-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के नियमित आयोजन का संकल्प व्यक्त किया।

#### आवासों का निर्माण समय सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

# निर्माणाधीन आवासों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना की घटक एचपी के तहत वार्ड क्र. 48 मोहरा में 232 आवास का निर्माण किया जा रहा है। इन निर्माणधीन आवास में 90 परिवारों को आवास का आवंटन किया जा चुका है।

इसी संदर्भ में शनिवार को महापौर मधुसूदन यादव ने महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सुनील साहू व आलोक श्रोती तथा योजना के तकनीकी अधिकारियों के साथ निर्माण स्थल का दौरा किया। महापौर द्वारा निर्माण स्थल दौरे के दौरान बिल्डर को सख्त हिदायत दी गई कि जो आवास का आबंटन हो चुका है उसे पहले पूरी तरीके से तैयार करें, फिर उसके बाद नए काम को आगे बढ़ाएं।



#### ट्रांसफार्मर के कार्य में लाएं गति

महापौर श्री यादव ने विद्युत विभाग द्वारा वहां लगाए जा रहे ट्रांसफार्मर के कार्य में गति लाने कार्यपालन अभियंता एवं योजना के नोडल अधिकारी दीपक खांडे से कहा कि संबंधित विभाग से इस संदर्भ में चर्चा कर जल्द इस कार्य को पूर्ण कराएं, ताकि विद्युत व्यवस्था होते ही यहां परिवारों को रहने घर आवंटित किए जाएंगे। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं सही तरीके से काम करने बिल्डर से एक-एक कार्य की सिलसिलेवार जानकारी ली और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

#### महापौर ने दिए सुझाव

निरीक्षण के दौरान आवास परिसर में उद्यान निर्माण कर वृक्षारोपण की तैयारी करने के संबंध में भी महापौर ने अपने सुझाव दिए, ताकि यहां निवासरत परिवारों के लिए एक स्वच्छ वातावरण निर्मित हो सके। उन्होंने जल निकासी के लिए नाली निर्माण करने के निर्देश देते कहा कि आवासों का जल निकासी के अलावा बारिश के पानी की समुचित निकासी को ध्यान में रखकर नाली निर्माण किया जाए। निरीक्षण के दौरान सहायक नोडल अधिकारी व प्र.सहायक अभियंता सुषमा साहू सहित योजना के सीएलटीसी उपस्थित थे।

# मुकुल हेड बॉय और साक्षी बनी हेड गर्ल

#### संस्कार सिटी स्कूल की नई छात्र परिषद का शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्र परिषद (स्टूडेंट काउंसिल) का भव्य शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। छात्र परिषद के पदाधिकारियों का चयन पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से विद्यालय में कराई गई वोटिंग प्रणाली (मतदान) के माध्यम से किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ अपने पसंदीदा प्रतिनिधियों को चुना।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा (प्राचार्य संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन) एवं डॉ. टी. वर्मा (प्राचार्य संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी) तथा विद्यालय की प्राचार्य रेखा तिवारी द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य चरण में प्राचार्य ने नवनिर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को बैच अलंकृत किए और उन्हें विद्यालय के आदर्शों, अनुशासन तथा सेवाभाव के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

वोटिंग प्रक्रिया द्वारा मुकुल भोई को हेड बॉय, साक्षी मिश्रा को हेड गर्ल, सुमित कुमार साहू और माही पटेल को अनुशासन प्रभारी चुना गया। बलराम पैकरा व निशिता ध्रुव को खेल प्रभारी, दीपक क्षत्रिय व ऐश्वर्या श्रीवास्तव को सांस्कृतिक प्रभारी, जयंत एम. पाटले व तिजन कश्यप को मेस कैप्टन, रुद्र बेलचंदन को बस कैप्टन नियुक्त किया गया।



प्राइमरी विंग से रौनक देवांगन को हेड बॉय, यशिका साहू को हेड गर्ल तथा कियान अमित वाल्दे और यशिका जोशी को अनुशासन प्रभारी के रूप में चुना गया। वहीं नन्हे-मुन्नों के प्री-प्राइमरी विंग से दर्शिथ निर्मलकर ने हेड बॉय और गनिष्का तामस्कर ने हेड गर्ल के रूप में कमान संभाली।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधकगण अतुल देशलहरा एवं आदित्य अग्रवाल ने मतदान प्रक्रिया के संचालन और नवनिर्वाचित छात्र-छात्राओं की इस जीत पर बधाई दी। उन्होंने सभी विजयी पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन करते उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से चुने जाने के बाद अब इन बच्चों पर जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ सामूहिक रूप से हुआ।

## सार समाचार

### कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 का जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजन किया गया। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों में अभ्यर्थियों के प्रवेश, पहचान सत्यापन, बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

उन्होंने केन्द्राध्यक्षों एवं परीक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करते परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने निर्देशित किया।उल्लेखनीय है कि जिले में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 का जिले के 7 परीक्षा केन्द्रों में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की गई। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से ही सुनिश्चित की गई थी।

### भानपुरी में शाला प्रबंधन समिति गठित

**राजनांदगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानपुरी में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शाला प्रबंधन समिति गठित की गई।



सर्वसम्मति से समिति के अध्यक्ष ओंकार साहू व उपाध्यक्ष कुमारी साहू निर्वाचित किए गए। समिति की सचिव शाला प्राचार्य अर्चना पांडेय होगी। सदस्य भानपुरी सरपंच प्रभादास वैष्णव के अलावा किरण निर्मलकर, डॉ. अवंतिका शर्मा, लुकेश्वरी साहू, संतोष साहू, तामेश्वर साहू, गणेशराम साहू, दीनूराम साहू, अमृतलाल मार्कंडेय, मानबाई, रेखा साहू, सरस्वती सेन व रामजी साहू होंगे। इसके लिए आयोजित बैठक में शाला के शिक्षकगण व अभिभावकगण उपस्थित थे।

### विपक्ष कर रहा केवल विरोध की राजनीति : रवि

**राजनांदगांव।** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष द्वारा पेयजल व्यवस्था को लेकर लगाए गए आरोपों पर भाजपा पार्षद रवि सिन्हा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते कहा कि कांग्रेस नेताओं का काम केवल आरोप लगाना और विरोध की राजनीति करना शेष रह गया है। वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद शहर की जल व्यवस्था को मजबूत करने में विफल रही कांग्रेस आज जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। श्री सिन्हा ने कहा कि बरसात के मौसम में नदी-नालों के जल स्तर और पानी की गुणवत्ता में प्राकृतिक बदलाव आना सामान्य प्रक्रिया है। ऐसे समय में नगर निगम एवं फिल्टर प्लांट के अधिकारी लगातार निगरानी रखकर जल शोधन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाते हैं। यदि कहीं किसी प्रकार की तकनीकी या सामग्री संबंधी कोई कमी सामने आती है तो उसका तत्काल निराकरण किया जाता है।

# कोरकट्टी कांड के वीर शहीदों की स्मृति में मोहला में रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कोरकोट्टी में 12 जुलाई 2009 में नक्सल घटना में जाबाजी के साथ लोहा लेते शहीद हुए तत्कालीन पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधिकारी-जवानों को अमर जवान स्थल रक्षित केंद्र मोहला में श्रद्धांजलि दी गई ।

वीर शहीदों की स्मृति में रक्षित केन्द्र मोहला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि 12 जुलाई 2009 को अविभाजित राजनांदगांव जिला के थाना मानपुर के कोरकोट्टी में नक्सलियों द्वारा घात लगाकर किए हमले में स्व. विनोद चौबे तत्कालीन पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के साथ कुल 29 जवान माओवादियों के कायराना करतूत की वजह से शहीद हो गए थे।

#### श्रद्धासुमन अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

वीर शहीदों की सर्वोच्च शहादत को सम्मान देने 12 जुलाई को शहादत की 17वीं पुण्यतिथि पर रक्षित केंद्र मोहला के अमर जवान प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे, द्वितीय कमान आईटीबीपी 44वीं वाहिनी पानाबरस शरद कुमार त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह पटेल की उपस्थिति में जिला पुलिस बल मोहला के अधिकारी, जवान एवं जनप्रतिनिधि द्वारा श्रद्धासुमन पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।



**कोरकोट्टी का विमोचन** : कार्यक्रम के समापन में अतुल कुमार श्रीवास्तव (पत्रकार) द्वारा कोरकट्टी नक्सल अभियान में देश सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों को समर्पित लेख "कोरकोट्टी" का विमोचन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह, कलेक्टर तुलिका प्रजापति एवं उपस्थित जनप्रतिनिधि व अधिकारियों द्वारा की गई।

#### जनप्रतिनिधि व ग्रामीण रहे उपस्थित

श्रद्धांजलि सभा में एसडीएम मोहला हेमंत भुआर्य, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मानपुर विनोद मिंज, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नेहा पवार, उप पुलिस अधीक्षक आप्स ताजेश्वर दीवान, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, जनप्रतिनिधि मदन साहू, प्रकाश मिश्रा, संजय जैन, पुलकित खंडेलवाल, रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप, थाना प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चंद्रा, खोमन भंडारी, सुशील त्रिपाठी, सतीश साहू, संजय यादव, गणेश यादव, नवल साव, संजय मेरावी, प्रभारी नियंत्रण कक्ष उप निरीक्षक शंभूलाल सिन्हा, डीआरजी, आईटीबीपी एवं जिला पुलिस बल के अधिकारी-कर्मचारी के साथ मोहला के ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।

### कृषि उपज मंडी पहुंचे डॉ. रमन, कहा: किसानों की सरकार

# विस अध्यक्ष ने किया करोड़ों रुपए के विकास कामों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रविवार को आदर्श कृषि उपज मंडी प्रांगण राजनांदगांव में 20 करोड़ 1 लाख 67 हजार रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर कृषि विकास एवं किसान कल्याण, आदिम जाति विकास, जैव प्रौद्योगिकी, मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम तथा सांसद संतोष पांडे विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम में आदर्श कृषि उपज मंडी समिति राजनांदगांव की मंडी निधि से 2 करोड़ 39 लाख 17 हजार रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। वहीं राजनांदगांव विकासखंड की ग्राम पंचायतों में विभिन्न मदों से स्वीकृत 16 करोड़ 32 लाख 98 हजार रुपए की लागत के 181 विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा 9 ग्राम पंचायतों में 1 करोड़ 29 लाख 52 हजार रुपए की लागत से निर्मित 18 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।इस दौरान विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं मंत्री रामविचार नेताम ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से 13 क्लस्टर की 51 ग्राम पंचायतों के सरपंचों से संवाद कर विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए।



#### 125 दिन मिलेगा कामः सांसद

सांसद संतोष पांडे ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए लगातार लोकार्पण, भूमिपूजन व शिलान्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा विकसित भारत-जीरामजी (वीबी-जी-राम-जी) योजना के तहत ग्रामीण श्रमिकों को 125 दिनों का काम मिलेगा और ग्रामीण श्रमिकों को 300 रुपए की दर से भुगतान किया जाएगा। इस योजना के तहत ग्रामों में पौधरोपण, जल संरक्षण सहित अन्य कार्य किया जा सकता है।जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा कि राज्य सरकार के नेतृत्व में राजनांदगांव जिले की ग्राम पंचायतों में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं।

#### ग्रामीण विकास पर फोकस

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि मंडी निधि का उपयोग ग्रामीण अधोसंरचना के विकास में अधिक से अधिक किया जाना चाहिए, ताकि गांवों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो और ग्रामीणों को इसका सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि आदर्श कृषि उपज मंडी राजनांदगांव प्रदेश की प्रमुख मंडियों में से एक है, जहां किसानों और व्यापारियों की सुविधा के लिए आधुनिक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। यहां मॉल, सिनेमा, विश्राम गृह, बैंक, पोस्ट ऑफिस, धर्मकांटा, अनाज एवं सब्जी मंडी जैसी अनेक सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध है।

#### किसानों की आय बढ़ाने प्रयासः कृषि मंत्री

कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ कृषि को टिकाऊ एवं लाभकारी बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि लगभग 20 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन जिले के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### सुनील को डब्ल्यूपीपीएस कॉन्क्लेव 2026 में मिले दो राष्ट्रीय सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कमल फूड्स प्रा.लि. के संचालक सुनील मूंदड़ा को 10 जुलाई 2026 को वाराणसी में आयोजित डब्ल्यूपीपीएस कॉन्क्लेव-2026 में खाद्य गुणवत्ता एवं पोषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

सुनील मूंदड़ा को "आटे के फोर्टिफिकेशन के ज़रिए पोषण को बढ़ावा देना" (आटा फोर्टिफिकेशन के माध्यम से पोषण संवर्धन) तथा "सेंट्रल रीजन में सबसे अच्छी क्वालिटी" (सेंट्रल रीजन में सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता) पुरस्कार प्रदान किए गए। यह सम्मान फोर्टिफाइड एवं पोषणयुक्त आटा के निर्माण, उच्च गुणवत्ता मानकों के पालन तथा उपभोक्ताओं तक गुणवत्तापूर्ण उत्पाद पहुंचाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया।

समारोह में देशभर से खाद्य उद्योग से जुड़े उद्यमी एवं विशेषज्ञ शामिल हुए। इस अवसर पर सुनील मूंदड़ा ने कहा कि यह सम्मान पूरी टीम की मेहनत, गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता और उपभोक्ताओं के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कंपनी भविष्य में भी आधुनिक तकनीक, गुणवत्ता और पोषण को प्राथमिकता देते बेहतर खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराने निरंतर प्रयास करती रहेगी। यह उपलब्धि कमल फूड्स प्रा. लि. के लिए ही नहीं, बल्कि राजनांदगांव और छत्तीसगढ़ के खाद्य उद्योग के लिए भी गौरव का विषय मानी जा रही है।

# मोदी की गारंटी अधूरी, फरमान वापस लेने की मांग

- शिक्षक करेंगे रायपुर विधानसभा का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर सहायक शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर जिले के हजारों शिक्षक बुधवार 15 जुलाई को सामूहिक आकस्मिक अवकाश लेकर रायपुर के तूता धरना स्थल में आयोजित प्रदेश स्तरीय विधानसभा घेराव में शामिल होंगे।



जिला अध्यक्ष रामलाल साहू ने बताया कि सरकार ने मोदी की गारंटी तहत घोषणा पत्र में 100 दिन के भीतर सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने का वादा किया था, लेकिन आज ढाई साल बीत जाने के बाद भी वादा पूरा नहीं हुआ उल्टे शिक्षकों पर नया नया दबाव बनाया जा रहा हैं। जिलाध्यक्ष रामलाल साहू ने बताया कि घोषणा पत्र अनुसार 100 दिन में सहायक शिक्षकों का वेतनमान समयमान व क्रमोन्नति वेतनमान लागू करने, ओईटी परीक्षा की बाध्यता समाप्त करने, सात महीने से लंबित महंगाई भत्ता अविलंब देने, ऑनलाइन हाजिरी का नियम बंद करने, पुरानी पेंशन बहाली, संविलियन के सभी लाभ और शिक्षकों के दमन को लेकर नए नए शोषणकारी नीतियों को वापस लेने की मांग को लेकर फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर के नेतृत्व में आंदोलन होगा। रामलाल साहू ने इस आशय की जानकारी कलेक्टर, डीईओ, बीईओ को दी है। वही विधायक यशोदा वर्मा को पत्र सौंपा है इसके अलावा सांसद संतोष पांडेय को ज्ञापन देकर अपनपी समस्याओ से अवगत कराया है। छुईखदान ब्लाक अध्यक्ष टीकाराम देशमुख, खैरागढ़ ब्लाक अध्यक्ष दुर्गेश कुमार सोनी सहित जिले व ब्लाक के समस्त पदाधिकारियों ने जिले के समस्त सहायक शिक्षकों से अपने हक की लड़ाई में बुधवार 15 जुलाई को रायपुर पहुंचकर आंदोलन में शामिल होने की अपील की है।

# पंडवानी गायिका तीजन को किया गया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति द्वारा फरहद स्थित स्मार्ट सिटी में सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजनबाई को श्रद्धांजलि देने सांगीतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कवि पप्पू पौर्वात्य कलिहारी ने सुप्रसिद्ध लोक गायक लक्ष्मण मस्ते गीत मोर बोले तम्बूरा जिनगानी अधूरा-अधूरा गीत गाकर तीजनबाई को श्रद्धा के पुष्प अर्पित किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेवी शारदा तिवारी ने पद्मश्री तीजनबाई के पंडवानी गायन के प्रथम विदेश यात्रा की परिस्थिति की चर्चा की और कहा कि तीजन पंडवानी गायन की मसीहा थी। उनका निधन छत्तीसगढ़ी लोक कला की अपूरणीय क्षति है। पद्मश्री तीजनबाई की पटु शिष्या तरूणा साहू ने महाभारत की द्रौपदी प्रसंग का गायन किया। उन्होंने कहा कि कलाकार कभी मरते नहीं, लोगों के दिलों में जीवित रहते हैं। इस अवसर पर हारमोनियम पर संगत संगीतकार गोविन्द साव, ब्यैंजो पर पप्पू पौर्वात्य व तबले पर मोतीलाल साहू ने की। वही रागी की भूमिका कवि रौशन साहू मोखलिहा ने निभाई।

अध्यक्षता करते वरिष्ठ कवि आत्माराम कोशा ने उन्हें याद करते श्रद्धांजलि अर्पित की। विशेष अतिथि के रूप में राजगामी संपदा अध्यक्ष पूर्णिमा साहू शामिल थी। इसके अलावा डॉ. शंकर मुनि राय, कवि गिरीश ठक्कर, कवयित्री करिश्मा-अमित ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन कवयित्री सुषमा शुक्ला ने किया। उक्ताशय की जानकारी मीडिया प्रभारी पप्पू पौर्वात्य कलिहारी ने दी।

### डेविश व जतिन का एकलव्य में चयन

**राजनांदगांव।** शा.प्रा. शाला चिरचारीकला की होनहार छात्र डेविश व जतिन कुमार का चयन सत्र 2026 -27 में कक्षा 6वीं के लिए एकलव्य आवासीय विद्यालय में चयन हुआ है। दोनों बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते अपने स्कूल, माता-पिता व ग्राम चिरचारीकला का नाम रोशन किया है। संस्था के प्रधान पाठक दुर्गेश कुमार मालेकर व स्टाफ ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर दुर्गेश कुमार मालेकर, एकलव्य कुमार साहू, जोगेश कुमार साहू, जया कंवर, लता साहू ने दोनों छात्रों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।










## खबर संक्षेप

### प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने हरीश



**कवर्धा।** प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी की घोषणा शनिवार को प्रदेश संगठन द्वारा की गई। प्रदेश अध्यक्ष डॉ निरेंद्र साहू, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत साहू, प्रदेश महामंत्री रामचरण साहू तथा जिलाध्यक्ष धरमराज साहू के मार्गदर्शन में घोषित प्रदेश टीम में कवर्धा जिले के हरीश साहू को प्रदेश युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष (सह संयोजक) नियुक्त किया गया। उनके मनोनयन पर जिले सहित समाज के लोगों में हर्ष का माहौल है। समाज के पदाधिकारियों, युवाओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। हरीश साहू लंबे समय से सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने बिना किसी पद की अपेक्षा के समाज के विभिन्न कार्यक्रमों में निरंतर सहभागिता निभाई है। समाज हित से जुड़े कार्यों, युवाओं को संगठित करने तथा सामाजिक एकता को मजबूत करने में उनकी सक्रियता को देखते हुए प्रदेश संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

### कुई में कृषि विभाग ने किया अरहर बीज वितरण




**कुई कुकदूर।** ग्राम पंचायत कुई में कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए अरहर बीज वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य पंडरिया राजकुमार नेताम उपस्थित थें। इस अवसर पर भाजयुमो पंडरिया के महामंत्री यशवंत श्रीवास, कृषि विभाग के अधिकारी एवं लालसिंह जामरे विशेष रूप से उपस्थित थें। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत कुई के सरपंच धनंजय लहरे ने की। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत के किसानों को कृषि विभाग द्वारा अरहर के उन्नत किस्म के बीज वितरित किए गए। बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों ने इस योजना का लाभ प्राप्त किया। साथ ही कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को उन्नत खेती, गुणवत्तापूर्ण बीजों के उपयोग एवं बेहतर उत्पादन हेतु आवश्यक कृषि संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई। किसानों की समृद्धि एवं कृषि विकास के लिए शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का यह एक सराहनीय प्रयास है।

### विद्यार्थियों को कापी-पेन वितरित की गई



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रापा मे अभिषेक चंद्राकर द्वारा जन्मदिन के अवसर पर विद्यार्थी को कापी-पेन बांट कर अपने जन्मदिन मनाया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रापा स्कूल में जन्मोत्सव के अवसर पर सरपंच संतोष भास्कर एवं प्रधान पाठक सुखचैन निर्मलकर, ममता सोनी शिक्षिका अंजू चंद्राकर, रुपाली सिंह, तोमन सिंह ठाकुर एवं सभी स्टाप ने बधाई संदेश देते हुए कहा कि हमारी शुभकामनाएं है कि शिक्षण कार्य को ऊंचाइयों तक पहुंचाने और छात्राओं को एक आदर्श नागरिक बनाने में सहयोग के लिए शाला परिवार द्वारा आभार व्यक्त किया।

### मजदूरों में रौनक, ग्रामीण किसानों की बढ़ी परेशानी

# बारिश थमने व बार-बार बिजली कटौती से धान फसल प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम नाऊडीह में धान की नर्सरी पूरी तरह तैयार हो चुकी है। किसानों ने 10 से 15 दिन पहले खेतों में धान का बीज बोकर मोटर पंप की सहायता से नर्सरी तैयार की थी। अब बोरवेल के पानी के सहारे खेतों में धान की रोपाई का कार्य धीरे-धीरे शुरू हो गया है। हालांकि पिछले तीन-चार दिनों से बारिश नहीं होने और लगातार बिजली कटौती के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है।

ग्राम नाऊडीह के किसान रामदास मानिकपुरी ने बताया कि रोपाई के लिए ग्राम बांझीमौहा से करीब दो दर्जन महिला मजदूरों को वाहन से लाया गया है। प्रत्येक मजदूर को प्रतिदिन 300 रुपये मजदूरी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को काम मिलने से उनके चेहरे पर रौनक है, लेकिन किसान मौसम और बिजली संकट से परेशान हैं।

किसानों का कहना है कि यदि समय पर अच्छी बारिश नहीं हुई और बिजली कटौती जारी रही, तो बोरवेल के भरोसे सिंचाई करना मुश्किल हो जाएगा। इससे धान की रोपाई और फसल दोनों प्रभावित हो सकती हैं। सालभर की मेहनत और कमाई को लेकर किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है।



**मौसम की बेरुखी व बिजली संकट से किसान चिंतित**

किसानों का मानना है कि नियमित बारिश और निर्बाध बिजली आपूर्ति होने पर खेत-खलिहान फिर से हरियाली से भर उठेंगे और खेती का कार्य सुचारु रूप से आगे बढ़ सकेगा। फिलहाल मौसम की बेरुखी और बिजली संकट किसानों के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं।

# वक्फ दावे से मुक्त हुई 7 एकड़ आबादी भूमि



- सीसी रोड व सामुदायिक भवन के लिए 12 लाख की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोंड़ी

उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा रविवार को एक दिवसीय प्रवास पर ग्राम पोंड़ी पहुंचे। गांव पहुंचने पर उन्होंने सबसे पहले प्राचीन मचकुंद महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद ग्राम की कुलदेवी सिद्धपीठ मां शीतला मंदिर में दर्शन कर आर्शीवाद लिया।

मंदिर दर्शन के पश्चात वे कुंभकार पारा पहुंचे, जहां आयोजित सभा में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने गांव की वर्षों पुरानी आबादी भूमि से जुड़े वक्फ विवाद के समाधान की जानकारी दी।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ग्राम पोंड़ी की लगभग 7 एकड़ आबादी भूमि, जिसमें मां शीतला मंदिर सहित अनेक परिवारों के मकान शामिल थे, उस पर वक्फ बोर्ड द्वारा दावा किया गया था। राज्य सरकार के प्रयासों से यह दावा समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब इस भूमि पर निवासरत परिवारों का अधिकार सुरक्षित है और वे अपनी भूमि के वैध मालिक हैं। इस निर्णय से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है।

सभा के दौरान ग्रामीणों ने गांव के विभिन्न विकास कार्यों की मांग उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखी। ग्राम पंचायत की ओर से सीसी रोड निर्माण की मांग पर उन्होंने तत्काल 5.50 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की। वहीं निषाद समाज की लंबे समय से लंबित सामुदायिक भवन निर्माण की मांग को स्वीकार करते हुए 6.50 लाख रुपए की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के समग्र विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है। उपमुख्यमंत्री के प्रथम पोंड़ी आगमन पर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा। वक्फ बोर्ड के दावे से आबादी भूमि मुक्त होने पर ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और आभार व्यक्त किया।

# बसनी के ग्रामीणों ने की गांव में ही उचित मूल्य दुकान खोलने मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम बसनी के राशन कार्डधारियों को हर माह शासकीय उचित मूल्य की दुकान से राशन (चांवल) प्राप्त करने के लिए लगभग एक किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत घोरपेंड्री जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस अव्यवस्था के कारण उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार राशन लेने के दौरान कई बार सर्वर डाउन रहने या फिंगरप्रिंट सत्यापन में दिक्कत आने से घंटों तक दुकान में इंतजार करना पड़ता है। इसके बाद एक किलोमीटर तक चांवल लेकर पैदल वापस गांव लौटना भी कठिन होता है, जिससे विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग हितग्राहियों को अधिक परेशानी होती है।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि ग्राम बसनी में ही शासकीय उचित मूल्य की दुकान अथवा खाद्यान्न वितरण केंद्र स्थापित किया जाए, ताकि गांव के हितग्राहियों को अपने ही गांव में राशन उपलब्ध हो सके और उन्हें दूसरे गांव तक नहीं जाना पड़े।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में ग्राम पंचायत घोरपेंड्री और उसके आश्रित ग्राम बसनी के सभी राशन कार्डधारियों को एक ही दुकान से खाद्यान्न वितरित किया जाता है, जिससे वहां अत्यधिक भीड़ लग जाती है। यदि दोनों गांवों में अलग-अलग राशन वितरण की व्यवस्था की जाए तो भीड़ भी कम होगी और बसनी के हितग्राहियों को राहत मिलेगी।

### पुल पर मवेशियों का झुंड, चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

समनापुर रोड स्थित संकरी नदी पुल पर शाम के समय मवेशियों का झुंड बैठा रहता है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। वही वाहन चालकों को निकलने में काफी परेशानी होती है। इसके बावजूद समस्या के समाधान के लिए प्रयास नहीं हो रहा है।

# घनश्याम बने प्रकोष्ठ के सलाहकार, योगेन्द्र को मिली प्रदेश संगठन सचिव की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया




छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ ने संगठन विस्तार करते हुए पंडरिया ब्लॉक के दो समाजसेवियों को प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश साहू संघ द्वारा जारी सूची के अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया अध्यक्ष घनश्याम साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ का सलाहकार नियुक्त किया गया।

वहीं योगेन्द्र साहू को प्रदेश संगठन का संगठन सचिव का दायित्व सौंपा गया। नियुक्ति की सूचना मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर है। नवनियुक्त सलाहकार घनश्याम साहू ने प्रदेश साहू संघ के सभी 33/61 के शीर्ष नेतृत्व पदाधिकारियों एवं समाज के सम्मानित बंधुओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप सभी के आर्शीवाद, विश्वास और सहयोग से ही मुझे यह महत्वपूर्ण दायित्व मिला है। श्री साहू ने आगे कहा कि समाज की एकता, सेवा और युवा शक्ति के विकास के लिए सदैव समर्पित रहूंगा।

समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना और युवाओं को संगठन से जोड़ना मेरी प्राथमिकता रहेगी। योगेन्द्र साहू ने भी दायित्व मिलने पर प्रदेश संगठन के प्रति आभार जताया और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। पंडरिया ब्लॉक से एक साथ दो लोगों को प्रदेश संगठन में जगह मिलने से समाज में उत्साह का माहौल है।

# आंदोलन की रणनीति व संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से की चर्चा

- सात सूत्रीय मांगों को पर विस्तार से चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की जिला स्तरीय बैठक जिलाध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारी अधिकारी भवन कवर्धा में संपन्न हुई। बैठक में फेडरेशन के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए आगामी आंदोलन की रणनीति एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक का मुख्य एजेंडा सहायक शिक्षकों की लंबित सात सूत्रीय मांगों को लेकर आगामी 15 जुलाई को नवा रायपुर के तूता मैदान में प्रस्तावित विधानसभा घेराव को सफल बनाने हेतु व्यापक तैयारी करना रहा। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने एकजुट होकर अधिक से अधिक संख्या में आंदोलन में शामिल होने का संकल्प लिया। बैठक में निम्न सात सूत्रीय मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई जिसमें मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर की जाए, सहायक शिक्षकों को क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान किया जाए, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर समस्त लाभ प्रदान किए जाए, सेवारत शिक्षकों की सुरक्षा हेतु विभागीय टीईटी का आयोजन किया जाए, वीएसके ऐप की तकनीकी समस्या दूर होने तक किसी भी शिक्षक के वेतन में कटौती न की जाए, एकल शिक्षकीय शालाओं में शिक्षकों की समुचित व्यवस्था की जाए, पदोन्नति में वरिष्ठता का ध्यान रखते हुए अति शीघ्र पदोन्नति प्रदान की जाए। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा ने कहा कि सहायक शिक्षकों की वर्षों से लंबित मांगों का शीघ्र समाधान आवश्यक है।

उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए एकजुट होकर 15 जुलाई को होने वाले विधानसभा घेराव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। बैठक में प्रमुख रूप से कार्यकारी जिलाध्यक्ष केशलाल साहू, राजेंद्र शर्मा, धरमू कुर्रे, संजय साहू, ईश्वरी साहू, तुलाराम सागर, सरजू मरकाम, भगवानी पाटिल, देवकुमार पांडेय, राघवेंद्र सिंह, महेश कुमार, बरसाती लाल सोनी एवं प्रकाश चौबे सहित जिले के अनेक शिक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित थें।

### शिक्षा गुणवत्ता समीक्षा बैठक के साथ किया पौधरोपण



**कुई-कुकदूर।** शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन इस बार कुई-कुकदूर में किया गया। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर ने शिक्षकों को विभागीय प्राथमिकताओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ शिक्षक सभाजीत सिंह, राजर्षि पांडेय सहित नेऊर, कुकदूर एवं बदना संकुल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें। बैठक के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी ने सामूहिक रूप से पौधरोपण किया। बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों में सुधार, समयबद्ध पाठ्यक्रम पूर्ण करने, नियमित मूल्यांकन तथा विद्यालयों में अनुशासित एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

### शिविर में 104 ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच (ओपीडी) की गई

# रेंगाखार में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेंगाखार में गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क सोनोग्राफी शिविर और रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह पहल उन दूरस्थ व वन क्षेत्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है जहां स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सीमित रहती है। इस निःशुल्क शिविर में हाई-रिस्क मामलों की समय पर पहचान, प्रसव पूर्व देखभाल और आवश्यकता अनुसार चिकित्सीय हस्तक्षेप सुनिश्चित हो सके, चिकित्सकों ने प्रसव पूर्व सावधानियां, पोषण, एनीमिया रोकथाम और संस्थागत प्रसव के महत्व की जानकारी भी प्रदान की। निःशुल्क शिविर में 104 ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच (ओपीडी) की गई। वहीं क्षेत्र से पहुंचे सभी लोगों को तत्काल दवाइयां, परामर्श और आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल उपलब्ध कराई गई। सोनोग्राफी और स्वास्थ्य सेवाओं का, चिल्फी, रेंगाखार, सेक्टर आदि वन क्षेत्रों की महिलाओं को मिला। जिस पर ग्राम रेंगाखार सेक्टर खारा, रेंगाखार, समनापुर, बम्हनी, लोहारीडीह, बांदाटोला, निवासपुर, चिल्ली सेक्टर अंतर्गत शीतलपानी क्षेत्र में योग्य स्वास्थ्य सुविधा का अभाव है और इस तरह के शिविर संवेदनशील आबादी के लिए जीवनरक्षक साबित होते हैं।

**क्षेत्र में निःशुल्क शिविर आयोजित किए जाएंगे**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेंद्र तूरे ने कहा कि ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच सुनिश्चित हो सके। बीएमओ डॉ पुरुषोत्तम राजपूत ने बताया कि सोनोग्राफी से हाई-रिस्क गर्भावस्था की पहचान पहले ही हो जाती है, जो वनांचल क्षेत्रों के लिए अत्यंत आवश्यक है।

**वनांचल क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। उन्होंने ऐसे शिविरों को नियमित रूप से जारी रखने का भरोसा दिया। ग्रामीणों ने इस प्रयास के लिए सरकार और स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरु नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**सौगात: उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वितरित किए शेयर प्रमाण पत्र**

# भोरमदेव शक्कर उत्पादक कारखाना के 4,691 गन्ना किसान बने अंशधारी सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना से जुड़े 4 हजार 691 गन्ना उत्पादक किसानों के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। वर्षों से अंशधारी सदस्य बनने की प्रतीक्षा कर रहे किसानों को नवीन अंशधारी सदस्य बनाते हुए शेयर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कवर्धा के पीजी कॉलेज डोम में आयोजित कृषक संगोष्ठी एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किसानों को प्रमाण पत्र सौंपे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल किसानों को सहकारिता की मुख्यधारा से जोड़ने के साथ उनकी आय बढ़ाने और क्षेत्र में गन्ना उत्पादन को नई गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि अब तक बिना शेयरधारक बने भी इन किसानों ने कारखाना के संचालन और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसी योगदान का सम्मान करते हुए उन्हें अंशधारी सदस्य बनाया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले पेराई सत्र में भोरमदेव शक्कर कारखाना में 2 लाख 55 हजार 818 मीट्रिक टन गन्ने की पेराई हुई थी। वर्तमान में कारखाना के लगभग 23 हजार अंशधारी सदस्य हैं।

पेराई सत्र 2025-26 में गैर-अंशधारी किसानों से भी गन्ने की खरीदी की गई, जिसके बाद 4,691 किसानों को शेयरधारक सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया। उप मुख्यमंत्री ने किसानों से इस वर्ष साढ़े चार लाख मीट्रिक टन गन्ने की आपूर्ति का लक्ष्य पूरा करने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे कारखाना और मजबूत होगा तथा किसानों को एफआरपी का समय पर भुगतान, बेहतर रिकवरी और भविष्य में अधिक लाभांश मिलने की संभावना बढ़ेगी।

उन्होंने गन्ना बोनस बढ़ाने के लिए भी सकारात्मक प्रयास किए जाने की बात कही। कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रासायनिक खेती के साथ अब प्राकृतिक और जैविक खेती की ओर बढ़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि जैविक उत्पादों के निर्यात के लिए आवश्यक एनपीओपी प्रमाणन संबंधी मार्गदर्शन 17 से 19 जुलाई तक कवर्धा विधायक कार्यालय में विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, पूर्व विधायक सियाराम साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशीराम धुर्वे, संतोष पटेल, भुवनेश्वर चंद्राकर, रामकिंकर वर्मा, मनीराम साहू, रामकुमार मेरावी, लोकचंद साहू, कारखाना के प्रबंध संचालक जीएस शर्मा, महाप्रबंधक अंकित मरकाम सहित बड़ी संख्या में किसान एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### लंबे इंतजार के बाद मिली अंशधारी सदस्यता

भोरमदेव शक्कर कारखाना से जुड़े हजारों गन्ना उत्पादक किसान वर्षों से अंशधारी सदस्य बनाए जाने की मांग कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन, कारखाना प्रबंधन, जनप्रतिनिधियों और किसान संगठनों ने संयुक्त कार्ययोजना तैयार की। इसके बाद गैर-अंशधारी किसानों से गन्ना खरीदी कर उन्हें शेयरधारक सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया।

### प्राकृतिक खेती अपनाने और निर्यात की दिशा में बढ़ने का आह्वान

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे उत्पादन लागत कम होगी और कृषि उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि जैविक उत्पादों के निर्यात के लिए आवश्यक एनपीओपी प्रमाणन की जानकारी देने हेतु 17, 18 और 19 जुलाई को कवर्धा विधायक कार्यालय में विशेषज्ञ किसानों को प्रशिक्षण और मार्गदर्शन देंगे।

# बारिश के बाद तेज धूप से बढ़ी उमस व गर्मी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

देर से सक्रिय हुए मानसून ने जुलाई माह के शुरुआती दिनों में जिले में जबरदस्त दस्तक दी। महीने के पहले सप्ताह में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया था।

आलम यह था कि बारिश थमने का नाम नहीं ले रही थी और चौबीसों घंटे हल्की से तेज बारिश का दौर जारी रहा। कवर्धा सहित पूरे जिले में आसमान बादलों से घिरा रहा और सड़कों, खेतों व निचले इलाकों में पानी भरने की स्थिति बन गई थी। विशेष रूप से पंडरिया ब्लॉक के वनांचल क्षेत्रों में हालात और भी गंभीर हो गए थे। यहां लगातार बारिश के चलते नदी-नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया, जिससे कई स्थानों पर बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए। ग्रामीण इलाकों में आवागमन प्रभावित हुआ और लोगों को दैनिक कार्यों में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। हालांकि, अब मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। पिछले कुछ दिनों से बारिश थम गई है और तेज धूप के कारण तापमान में अचानक वृद्धि दर्ज की जा रही है। स्थिति यह है कि लोगों को एक बार फिर मई-जून जैसी गर्मी का अहसास होने लगा है। उमस और बढ़ती गर्मी के चलते लोग कूलर, पंखे और एयर कंडीशनर का सहारा लेने को मजबूर हो गए हैं।

मौसम में इस अचानक बदलाव ने लोगों को हैरान कर दिया है। जहां कुछ दिन पहले तक लगातार बारिश से राहत की उम्मीद थी, वहीं अब फिर से गर्मी ने परेशानी बढ़ा दी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में फिर से मानसून सक्रिय होने की संभावना जताई जा रही है, जिससे जिले में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो सकता है। फिलहाल, लोग बदलते मौसम के मिजाज को लेकर सतर्क नजर आ रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही बारिश का सिलसिला फिर शुरू होगा, जिससे गर्मी से राहत मिल सके।

## खबर संक्षेप



### नाबालिग को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा।** जिला पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर साबित करते हुए थाना पिपरिया क्षेत्र से अपहृत नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद किया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) आशीष शुक्ला के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी निरीक्षक नितिन कुमार तिवारी के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं साइबर विश्लेषण के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला बिलासपुर के थाना कोनी क्षेत्र से पीड़िता को सकुशल बरामद किया। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार किया गया।

### प्री-बीएड, डीएलएड प्रवेश परीक्षा 19 को

**कवर्धा।** पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन विवि के द्विवर्षीय बीएड व डीएलएड दूरवर्ती पाठ्यक्रम के सत्र 2026-27 में प्रवेश नियमों के आधार पर प्रवेश परीक्षा 19 जुलाई को होगी। जिसका प्रवेश पत्र 15 जुलाई से डाउनलोड किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए विवि की वेबसाइट देखें।

# विधायक की साइंस पाठशाला विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य की मजबूत पहल: तुषार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई




पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की विधायक भावना बोहरा द्वारा शुरू की गई भावना दीदी की साइंस की पाठशाला को क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया जा रहा है।

छात्र नेता तुषार ने कहा कि यह पहल विशेष रूप से शासकीय विद्यालयों एवं सरस्वती शिशु मंदिर में अध्ययनरत कक्षा 10वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान शिक्षा को अधिक सुलभ और गुणवत्तापूर्ण बनाने में कारगर सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना, उन्हें गुणवत्तापूर्ण विज्ञान शिक्षा उपलब्ध कराना तथा आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना है। वर्तमान दौर विज्ञान और प्रौद्योगिकी का है, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन तकनीक, रोबोटिक्स, ऑटोमेशन, कोडिंग और डिजिटल नवाचार तेजी से शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, उद्योग तथा प्रशासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

तुषार ने कहा कि ऐसे समय में विद्यार्थियों को इन आधुनिक विषयों की प्रारंभिक जानकारी और वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रदान करना भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप एक सराहनीय कदम है। उनका कहना है कि 'भावना दीदी की साइंस की पाठशाला क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी दौर में आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराएगी।

## खेती किसानी...



**कवर्धा।** कवर्धा सहित अंचल में खेती किसानी के कार्य तेज, किसानो ने शुरू की धान रोपाई।

# सरपंच को पद से हटाने की मांग कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड की ग्राम पंचायत सिंघनगढ़ के सरपंच के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर को शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायतकर्ता हेमकुमार साहू ने सरपंच पर पद के दुरुपयोग, शासकीय भूमि पर कथित अतिक्रमण, सामाजिक बहिष्कार कराने, जांच को प्रभावित करने तथा गवाहों को डराने-धमकाने जैसे आरोप लगाए हैं। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 40 के तहत सरपंच को पद से हटाने की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि शिकायतकर्ता के परिवार की निजी भूमि शासकीय सड़क (खसरा नंबर 225) से लगी हुई है। आरोप है कि सरपंच ने स्वयं शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है, जिसका पूर्व में पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक (आरआई) द्वारा पंचनामा भी तैयार किया जा चुका है। शिकायतकर्ता का दावा है कि पंचायत चुनाव के दौरान इस तथ्य को छिपाकर शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया था। इस संबंध में पूर्व में एसडीएम कार्यालय में भी शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पुरानी रंजिश के चलते शिकायतकर्ता के परिवार का कथित रूप से सामाजिक बहिष्कार कराया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, इस मामले में दर्ज एफआईआर के आधार पर 18 आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है। शिकायत में यह आरोप भी लगाया गया है कि स्वीकृत अटल डिजिटल सेवा केंद्र भवन का निर्माण शिकायतकर्ता की संयुक्त भूमि के सामने कराया जा रहा है, जिससे उनके घर और खेत तक पहुंचने वाला मुख्य मार्ग स्थायी रूप से अवरुद्ध होने की आशंका है। शिकायतकर्ता ने जिला कलेक्टर से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, लगाए गए आरोपों की सत्यता की जांच करने तथा आरोप सिद्ध होने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

# चोरी का आरोपी चढ़ा कुकदुर पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



### कुकदुर पुलिस टीम की सक्रियता से मिली सफलता

थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा के नेतृत्व में उप निरीक्षक गोविंद चन्द्रवंशी, प्रधान आरक्षक मनोज तिवारी, बिसेन चन्द्रवंशी तथा आरक्षक सुनील नायक और कृष्णकुमार धुर्वे ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मामले का खुलासा किया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से व्यापारियों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है और क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

थाना कुकदुर पुलिस ने क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी किया गया माल बरामद करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस की इस कार्रवाई से व्यापारियों और क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। पुलिस के अनुसार ग्राम कोदवागोडान निवासी शिवराम प्रजापति ने थाना कुकदुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह बाजार चौक में पान दुकान संचालित करता है। 10 जुलाई की रात दुकान बंद कर घर जाने के बाद 11 जुलाई की सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो ताला टूटा मिला। जांच करने पर गल्ले में रखे 5 हजार रूपए नगद सहित पान मसाला, गुटखा, बिस्किट, नमकीन, कोल्ड ड्रिंक्स और पानी की पेटियां गायब मिलीं। चोरी किये गए सामान की कुल कीमत करीब 13 हजार रुपये बताई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच के दौरान संदेह ग्राम कामठी कछारपारा निवासी राजेश्वर उर्फ रज्जू चेचाम पर गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उसने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली। आरोपी की निशानदेही पर चोरी किये गए नगदी एवं अन्य सामान बरामद कर जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

**भारी बस्ते को अलविदा, घर पर नई और स्कूल में पुरानी किताबों से पढ़ाई की स्मार्ट व्यवस्था**

# बच्चों को शारीरिक व मानसिक राहत देता छिरहा स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स.लोहारा

आज के दौर में स्कूली बच्चों की पीठ पर किताबों और कॉपियों से लदा भारी-भरकम बैग एक आम नजारा बन चुका है, जिसके चलते बच्चों को कई तरह के शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभावों का सामना करना पड़ता है। हालांकि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में स्पष्ट तौर पर यह निर्देश दिया गया है कि बच्चों के स्कूल बैग का वजन उनके शरीर के कुल वजन के दस प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। कक्षा नौवीं और दसवीं के छात्रों के लिए यह सीमा 2.5 से 4.5 किलोग्राम तय किया गया है, लेकिन जमीनी स्तर पर अधिकांश स्कूलों में इस नियम की अनदेखी किया जाता है। इस बीच जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत आने वाला शासकीय हाई स्कूल छिरहा एक शानदार मिसाल बनकर उभरा है, जहां के विद्यार्थी भारी-भरकम बैग के बजाय केवल एक कॉपी और पेन लेकर बेहद खुशी-खुशी स्कूल आते हैं। इस अनूठी और अनुकरणीय व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए संस्था के प्राचार्य एवं गणित विषय के व्याख्याता डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि उनके विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के दिशा-निर्देशों और स्कूल बैग नीति का अक्षरशः पालन किया जा रहा है। बच्चों को बस्ते के बोझ से पूरी तरह निजात दिलाने के लिए कक्षा के प्रत्येक टेबल पर सभी विषयों की पुस्तकों का एक सेट स्थायी रूप से रखा रहता है। छात्र संबंधित कालखंड के दौरान इन पुस्तकों का उपयोग करते हैं और पढ़ाई पूरी होने के बाद उन्हें वहीं छोड़ देते हैं। सबसे खास बात यह है कि स्कूल में इस अभिनव व्यवस्था की शुरुआत 5 सितंबर 2019 को शिक्षक दिवस और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जयंती के पावन अवसर पर किया गया था। इस लिहाज से देखा जाए तो राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के लागू होने से पहले ही इस स्कूल ने स्कूल बैग पॉलिसी को सफलतापूर्वक अपना लिया था। विद्यालय में पुस्तकों के इस दोहरे सेट का प्रबंधन बेहद दिलचस्प और प्रेरणादायक है। डॉ. चन्द्रवंशी ने बताया कि स्कूल के लिए इन अतिरिक्त पुस्तकों की व्यवस्था हर साल उत्तीर्ण होकर निकलने वाले विद्यार्थियों के सहयोग से होती है, जो अपनी पुरानी पुस्तकें स्वेच्छा से स्कूल को दान कर देते हैं।



### बच्चों के लिए आनंददायक पहल

इस बेहतरीन प्रबंधन के कारण विद्यार्थियों के पास घर पर स्व-अध्ययन के लिए और स्कूल में कक्षा की पढ़ाई के लिए अलग-अलग पुस्तकें उपलब्ध हो जाती हैं। छिरहा हाई स्कूल का यह सराहनीय प्रयास न केवल बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य की रक्षा कर रहा है, बल्कि उनके सीखने की प्रक्रिया को भी तनावमुक्त और आनंददायक बना रहा है। बस्ते के बोझ को कम करने का यह अनूठा मॉडल आज पूरे कवर्धा जिले और छत्तीसगढ़ प्रदेश के अन्य सभी सरकारी व निजी स्कूलों के लिए एक बेहतरीन और अनुकरणीय उदाहरण पेश करता है।

# राम मंदिर चंदा चोरी को लेकर जिला कांग्रेस का प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

श्री राम मंदिर, अयोध्या में चढ़ावे की कथित चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम सोमवार 13 जुलाई को जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन करेगी। यह प्रदर्शन दोपहर 2 बजे कांग्रेस भवन के सामने स्थित सिग्नल चौक, कवर्धा में आयोजित किया जाएगा।

जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जारी जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर तथा जिला संगठन प्रभारी पदम कोठारी के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल करेंगे। कांग्रेस ने अपने बयान में कहा है कि श्री राम मंदिर में कथित चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं की घटना केवल एक आपराधिक मामला नहीं, बल्कि आस्था, सुरक्षा और पारदर्शिता से जुड़ा गंभीर विषय है।

पार्टी ने आरोप लगाया कि वर्षों तक भगवान श्रीराम के नाम पर राजनीति करने वाले लोगों की कथनी और करनी पर इस घटना से सवाल खड़े हुए हैं। जिला कांग्रेस ने करोड़ों राम भक्तों की भावनाओं से जुड़े इस मामले में जवाबदेही तय करने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। इसी मांग को लेकर सोमवार को जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।